तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही गय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इरा हुक्म की तामील में जारी हुए
	सुरेन्द्र जैन . **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 92/2024	
16/12/2024	अपीलार्थी सुरेन्द्र जैन निवासी पुरबियो की गली, भिस्तियों का बास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में पत्र दिनांक 28..09.2024 को सड़को का रखरखाव के लिये जिला कलक्टर के निर्देश पर जो कमेटी बनाई गई उस कमेटी की मिटिंग मिनिट्स की सत्यापित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2226 दिनांक 09.12.2024 से बतलाया कि प्रभारी अधिकारी, विकास अनुभाग से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक 2183 दिनांक 05.11.2024 द्वारा बिन्दु संख्या 1 के संबंध में कुल 40 पृष्ठों की प्रमाणित सूचना निःशुल्क प्रेषित की जा चुकी है तथा शेष बिन्दु संख्या 02 से 06 तक की सूचना कार्यालय से संबंधित नही होना बताया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.[illegible]5:16:38 IST
Reason: Approved